Drishti IAS Presents...

PT SPRINT 2022

विविध

(जनवरी 2021 – मार्च 2022)

Multiple Choice Questions

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

e-mail: englishsupport@groupdrishti.com, Website: www.drishtiias.com

Contact: 011430665089, 7669806814, 8010440440

प्रश्न

1. वीरता पुरस्कारों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

वीरता पुरस्कार	विवरण
1. परम वीर चक्र	सर्वोच्च सैन्य अलंकरण पुरस्कार
2. अशोक चक्र	शांतिकाल के दौरान सर्वोच्च पुरस्कार
3. सेना पदक	वायु सेना में असाधारण समर्पण

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

2. पद्म पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ये गणतंत्र दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिवर्ष प्रस्तुत किये जाते हैं।
2. पुरस्कार कला, खेल, विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी प्रदान किये जाते हैं।
3. पद्म पुरस्कार समिति का गठन हर वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

3. वर्ष 1924 में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन निम्नलिखित में से किस देश में किया गया था?

A. कनाडा
B. फ्राँस
C. स्वीडन
D. जर्मनी

4.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मेदराम जात्रा भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेला है।
2. यह तेलंगाना का एक राज्य उत्सव है।
3. यह कोया जनजाति द्वारा मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

5.भारतीय नौसेना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के तत्वावधान में प्रतिवर्ष 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है।
2. इसकी अध्यक्षता भारत के राष्ट्रपति इसके सर्वोच्च कमांडर के रूप में करते हैं।
3. भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- शं नो वरुण:।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

6. 'वर्ल्ड प्रोग्राम ऑफ एक्शन' (WPA) पहल किससे संबंधित है?

A. दिव्यांगता निवारण को बढ़ाने हेतु वैश्विक रणनीति।
B. कोविड संक्रमण को फैलने से रोकने की रणनीति।
C. कुपोषित जनसंख्या में कमी से संबंधित रणनीति।
D. पेरिस समझौते का क्रियान्वयन।

7. 'रामानुजन पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पुरस्कार विकासशील देशों के युवा गणितज्ञों को दिया जाता है।
2. यह पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा वित्त पोषित है।
3. गणितीय विज्ञान की किसी भी शाखा में कार्यरत शोधकर्त्ता इसके पात्र हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

8. 'चिल्लाई कलां' शब्द, अक्सर सुर्खियों में बना रहता है, यह संबंधित है:

A. कश्मीर में शीत लहर।
B. कश्मीर के लोगों की पारंपरिक पोशाक।
C. दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाने वाली प्रजाति।
D. कश्मीर का पारंपरिक त्योहार।

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व बैंक की स्थापना वर्ष 1944 में पुनर्निर्माण और विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) के रूप में की गई थी।
2. वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	खेल पुरस्कार	विशेषताएँ
1.	ध्यानचंद पुरस्कार	भारत में किसी खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार।
2.	मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्राफी	विश्वविद्यालय स्तर के खेल प्रदर्शन के लिये दिया जाता है।
3.	राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार	कॉर्पोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक), खेल नियंत्रण बोर्डों, गैर-सरकारी संगठनों आदि को दिया जाता है।

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

11. . 'वियना वर्गीकरण (VCL)' किससे संबंधित है?

A. चिह्नों के आलंकारिक तत्त्व।
B. ग्रहों की वस्तुओं का नामकरण।
C. हानिकारक प्रदूषकों का वर्गीकरण।
D. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का नामकरण।

12. पद्म पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ये गणतंत्र दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिवर्ष प्रस्तुत किये जाते हैं।
2. पुरस्कार कला, खेल, विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी प्रदान किये जाते हैं।
3. पद्म पुरस्कार समिति का गठन हर वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिये 'इंदिरा गांधी' पुरस्कार को वर्ष 2015 में स्थापित किया गया था।
2. 'प्रथम'- एक नागरिक समाज संगठन को वर्ष 2021 के लिये इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14.वीरता पुरस्कार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत-चीन युद्ध के बाद भारत द्वारा वीरता पुरस्कारों की स्थापना की गई।
2. महावीर चक्र युद्धकाल के दौरान वीरता के कार्य के लिये दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।
3. अशोक चक्र शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

15. निम्नलिखित में से किसे भारत में 5-स्टार रेटिंग कचरा मुक्त शहरों के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

1. इंदौर
2. सूरत
3. नई दिल्ली नगर पालिका परिषद
4. नोएडा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1, 3 और 4
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

16. वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये शांतिकाल के दौरान दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार निम्न में से कौन सा है?
   A. महावीर चक्र
   B. कीर्ति चक्र
   C. अशोक चक्र
   D. शौर्य चक्र

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. पद्म पुरस्कार प्रधानमंत्री की सिफारिश पर प्रदान किये जाते हैं।
   2. पद्म पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

18. गुडूची (गिलोय) में निम्नलिखित में से कौन-से गुण हैं?
   1. हेपाटोप्रोटेक्टिव
   2. श्वसन संबंधी बिमारियों की रोकथाम
   3. न्यूरोप्रोटेक्टिव
   4. दिल को रोधगलन से बचाता है

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1 और 4
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1, 3 और 4
   D. 1. 2, 3 और 4

19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	नोबेल पुरस्कार 2021	**प्राप्तकर्त्ता**
1.	रसायन विज्ञान	अब्दुलराजाक गुरनाह
2.	अर्थशास्त्र	डेविड कार्ड
3.	साहित्य	बेंजामिन लिस्ट

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

20. 'अर्थशॉट पुरस्कार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह जलवायु परिवर्तन हेतु अभिनव समाधान खोजने के लिये दिया जाता है।
   2. यह 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' (UNEP) द्वारा प्रदान किया जाता है।
   3. इस पुरस्कार का पहला संस्करण भारत के 'विद्युत मोहन' ने जीता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

21. निम्नलिखित में से किस शहर राज्य/केंदशासित प्रदेश ने 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट सिस्टम अवार्ड' जीता है?
   A. चंडीगढ़
   B. केरल
   C. कर्नाटक
   D. गोवा

22. निम्नलिखित में से कौन-सा/से डेयरी मवेशियों में मास्टिटिस के इलाज के लिये हाल ही में विकसित मस्तिरक जेल का/के महत्त्व है/हैं?
   1. यह दुग्ध ग्रंथियों के स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है।
   2. यह सूजन को कम करता है जो दुग्ध ग्रंथियों के लियेहानिकारक है।
   3. यह एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग को भी कम करता है और बीमारी के लागत प्रभावी प्रबंधन में मदद करता है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 3
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

23. हाल ही में "भौतिकी में वर्ष 2021 का नोबेल पुरस्कार' निम्नलिखित में से किसे प्रदान किया गया?
   A. स्युकुरो मनाबे
   B. अब्दुलराजाक गुरनाह
   C. बेंजामिन लिस्ट
   D. डेविड जूलियस

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन 1972 संभावित स्थलों की पहचान करने और उन्हें बचाने तथा संरक्षित करने में उनकी भूमिका में राज्य दलों के कर्तव्यों को निर्धारित करता है।
   2. भारत वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन 1972 का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
   3. तेलंगाना के रामप्पा मंदिर को भारत का 39वाँ विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चावल उत्पादक राज्यों में पश्चिम बंगाल भारत में पहले स्थान पर है।
2. बाओ-धान चावल की एक आयरन युक्त आनुवंशिक रूप से संशोधित किस्म है।
3. नेकब्लास्ट रोग चावल की फसलों में होने वाला एक कवक रोग है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।
2. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा 12 अगस्त को मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'कुवेम्पु पुरस्कार' प्रतिवर्ष भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भाषा के साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले लेखक को दिया जाता है।
2. इस पुरस्कार का नाम 20वीं सदी के महान कन्नड़ कवि 'कुवेम्पु' के नाम पर रखा गया है।
3. 'कुवेम्पु' को रामायण का स्वयं के संस्करण लिखने के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व दुग्ध दिवस की शुरुआत विश्व खाद्य कार्यक्रम द्वारा की गई थी।
2. गोपाल रत्न पुरस्कार स्वदेशी नस्लों के सर्वश्रेष्ठ झुंड को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया राष्ट्रीय पुरस्कार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	साहित्यिक पुरस्कार	विशेषता
1.	ज्ञानपीठ पुरस्कार	साहित्य अकादमी पुरस्कारों के बाद भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला दूसरा सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार।
2.	गंगाधर राष्ट्रीय पुरस्कार	साहित्य के क्षेत्र में कविता के लिये दिया जाने वाला एक साहित्यिक पुरस्कार।
3.	कुवेम्पु पुरस्कार	भारतीय संविधान की 22 प्रगणित भाषाओं के अलावा अंग्रेज़ी और राजस्थानी में योगदान को मान्यता देता है।

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

30. साहित्य अकादमी पुरस्कार के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।
2. यह पुरस्कार केवल भारतीय राष्ट्रीयता वाले व्यक्ति को दिया जा सकता है।
3. अमिताव घोष साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले अंग्रेज़ी भाषा के प्रथम लेखक थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

31. 'गांधी शांति पुरस्कार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महात्मा गांधी की 125वीं जयंती पर भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है।
2. पुरस्कार विजेताओं की चयन समिति की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पद्म भूषण पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में सर्वोच्च है, उसके बाद पद्म विभूषण और पद्म श्री हैं।
2. पद्म पुरस्कार की एक उच्च श्रेणी किसी व्यक्ति को पहले के पद्म पुरस्कार से कम-से-कम पाँच साल के अंतराल के बाद ही प्रदान की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2